1. भारत विकास परिषद् का पूर्व नाम क्या था? **सिटीजन्स काउन्सिल**

2. इस संस्था को भारत विकास परिषद् नाम किस तारीख को दिया गया? **12 जनवरी 1963**

3. भारत विकास परिषद् के प्रथम मुख्य संरक्षक कौन थे? **न्यायाधीश बी.पी. सिन्हा (अ.प्रा. मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय**

4. भारत विकास परिषद् के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन थे और वे कब से कब तक इस पद पर रहे? **लाला हंसराज (उद्योगपति, दिल्ली) 1963 से 1973 तक**

5. परिषद् के प्रथम राष्ट्रीय महामंत्री का नाम? **डॉ. सूरज प्रकाश**

6. भारत विकास परिषद् का पंजीकरण किस तारीख को हुआ? **10 जुलाई 1963**

7. राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का सर्वप्रथम आयोजन किस वर्ष में हुआ? **1967**

8. प्रथम राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण किसने किया? **राष्ट्रपति जाकिर हुसैन**

9. दिल्ली से बाहर भारत विकास परिषद् की सर्वप्रथम शाखा कहां और कब खुली ? **देहरादून, 1968 में**

10. परिषद् की मुख पत्रिका नीति का प्रकाशन किस वर्ष में आरंभ हुआ? **सन् 1969**

11. नीति के सर्वप्रथम प्रबन्ध सम्पादक का नाम बताओ? **डॉ. सूरज प्रकाश**

12. दिल्ली के बाहर देहरादून में खुली सर्वप्रथम शाखा के अध्यक्ष तथा महासचिव का नाम बताओ? **डॉ. एस.के. खन्ना अध्यक्ष, डॉ. देवेन्द्र रोहिनवाल महासचिव**

13. परिषद् द्वारा प्रथम मूर्ति किसकी व कहां स्थापित की गई और इसका अनावरण किसने और कब किया? **छत्रपति शिवाजी, मिन्टो ब्रिज दिल्ली के निकट, राष्ट्रपति वी.वी. गिरी द्वारा सन् 1973 में**

14. शिवाजी की प्रतिमा स्थापना के पश्चात दिल्ली के मिन्टो ब्रिज का नाम क्या हो गया है? **शिवाजी ब्रिज**

15. किसने कहा था 'छत्रपति शिवाजी महाराज अपने जीवन काल में दिल्ली नहीं आ सके थे किन्तु भारत विकास परिषद् ने उनकी मृत्यु के तीन सौ वर्ष बाद दिल्ली में उन्हें स्थापित कर दिया है?' **राष्ट्रपति वी.वी. गिरी ने**
16. परिषद् के दूसरे राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम? **डॉ. लक्ष्मी मल सिंघवी**
17. परिषद् के पाँच सूत्रों, सम्पर्क, सहयोग, संस्कार तथा सेवा का समावेश किसने किया? **डॉ. लक्ष्मी मल सिंघवी ने**
18. डॉ. एल.एम. सिंघवी के बाद बनने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम? **जस्टिस हंसराज खन्ना**
19. दक्षिण भारत में परिषद् की सर्वप्रथम शाखा कहां आरंभ हुई और कब? **विशाखा पट्टनम, 15 अगस्त 1986**
20. विकलांग सहायता, वनवासी कल्याण तथा विकास सप्ताह प्रकल्प किस वर्ष आंरभ किए गए? **1988 में**
21. डॉ. सूरज प्रकाश किस वर्ष तक परिषद् के महामंत्री रहे? **1991 तक**
22. डॉ. सूरज प्रकाश के बाद महामंत्री पद किसने संभाला? **श्री प्यारालाल राही**
23. परिषद् की प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय शाखा कब और कहां खोली गई? **1992 कनाडा में**
24. राष्ट्रीय समूहगान की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता दिल्ली से बाहर पहली बार कब और कहां आयोजित की गई? **1992 हैदराबाद में**
25. भारत विकास परिषद् को राष्ट्रपति द्वारा विकलांग सेवा के लिए प्रथम बार किस वर्ष में पुरस्कृत किया गया? **3 दिसम्बर 1995**
26. समस्त ग्राम को उसके संपूर्ण विकास के लिए गोद लेने का कार्यक्रम किस वर्ष आरंभ किया गया? **1995**
27. परिषद् द्वारा संपूर्ण विकास के लिए गांव गोद लेने के कार्यक्रम को कौन व्यक्ति प्रायोजित कर रहा है? **डॉ. शिव जिन्दल, कनाडा**
28. डलहौजी में परिषद् द्वारा किस महापुरुष की प्रतिमा स्थापित की गई है और कब? **सुभाष चन्द्र बोस, सितम्बर 1996**
29. 'भारत को जानो' प्रकल्प अखिल भारतीय स्तर पर किस वर्ष में आंरभ हुआ? **सन् 2001**
30. परिषद् ने रजत जयन्ती समारोह कहां आयोजित किया? **ताल कटोरा स्टेडियम, दिल्ली में**
31. परिषद् ने स्वर्ण जयन्ती सम्मान समारोह (जुलाई 2013) कहाँ आयोजित किया था ? **इण्डिया इण्टरनेशनल सेन्टर (नई दिल्ली)**
32. परिषद् का स्वर्ण जयन्ती राष्ट्रीय अधिवेशन (दिसम्बर 2013) कहाँ आयोजित हुआ था ? **वाराणसी (उ.प्र.)**